Regarding water scarcity in Parbhani Parliamentary Constituency

श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी) **:** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं ।

माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी घर-घर में पानी देने की बात कहते हैं । मेरे राज्य के लिए राज्य मंत्री जी ने 165 गांवों के लिए पानी देने की योजना बनाई थी । मेरे संसदीय क्षेत्र में परतुर और गंगाखेड़ विधान सभा क्षेत्र के पालम तहसील के 76 गांवों के लिए पानी देने की योजना बनाई गई थी । सात साल हो गए हैं, लेकिन अभी भी ज्यादातर गांवों में पानी नहीं आया है । माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने घोषणा की, उनकी पार्टी से लगे कुछ मिनिस्टर लोग हैं, पांच साल होने के बाद, केंद्र सरकार की निधि होने के बावजूद लोगों को अभी तक पानी नहीं पहुंच पाया है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । इन लोगों को अभी तक पानी नहीं मिला है, इसके पीछे कौन है? मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो ।